# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण),**
**बांसी रोड, बरगदवा जिलाः बस्ती।**
ई-मेलः eeupjnruralbasti@gmail.com

**पत्रांक** 593 / M-23 /10 **दिनांक** 30/06 /2025

**सेवा में,**

मुख्य विकास अधिकारी,
बस्ती।

**विषय-** **दिनांक 16.06.2025 को सी०एम० डैश बोर्ड/विकास कार्यों एवं सी०एम०आई०सी० पोर्टल व रु० 50.00 लाख से अधिक के लागत के परियोजनाओं की मासिक समीक्षा बैठक के कार्यवृत्त का अनुपालन आख्या के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक मुख्य विकास अधिकारी, बस्ती के कार्यालय पत्रांक 615/ कार्यवृत्त/2025-26, दिनांक 27-06-2025 के अनुपालन में दिनांक 16.06.2025 को कलेक्ट्रेट सभागार, बस्ती में सम्पन्न हुई सी०एम० डैश बोर्ड/विकास कार्यों एवं सी०एम०आई०सी० पोर्टल व रु० 50.00 लाख से अधिक के लागत के परियोजनाओं की मासिक समीक्षा बैठक के कार्यवृत्त का अनुपालन आख्या तैयार कर आपको आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

**संलग्नकः**उपरोक्तानुसार।

**भवदीय**

(योगेन्द्र प्रसाद)
**अधिशासी अभियन्ता**

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण),

बांसी रोड, बरगदवां, जिलाः बस्ती 272001

ई-मेलः eeupjnruralbasti@yahoo.in


**दिनांक 16.06.2025 को आयोजित सी०एम० डैश बोर्ड/विकास कार्यों एवं सी०एम०आई०सी० पोर्टल व रु० 50.00 लाख से अधिक के लागत के परियोजनाओं की मासिक विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के कार्यवृत्त का अनुपालन आख्या।**

| बिन्दु | आख्या |
|---|---|
| 3– नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति | |
| ग्राम पंचायत मड़वानगर पेयजल योजना- इस योजना की स्वीकृत लागत रु० 10.25 करोड़ है तथा सम्पूर्ण धनराशि अवमुक्त है, व्यय धनराशि 2.47 करोड़ तथा भौतिक प्रगति 61 प्रतिशत है। इस परियोजना की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति विगत कई माहों से यथावत है। इस परियोजना को माह जून, 2025 तक पूर्म किया जाना है। इससे स्पष्ट है कि परियोजना निर्धारित समयावधि में पूर्ण नहीं हो पायेगी। सम्पूर्ण धनराशि उपलब्ध होने के बावजूद भी भौतिक एवं वित्तियी प्रगति अत्यन्त ही असंतोषजनक है। उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष व्यय की स्थिति खराब होने के कारण जनपद की रैंकिंग प्रभावित हो रही है। इस सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को पुनः निर्देश दिये गये कि मैन पावर बढ़ाते हुए उपलब्ध धनराशि का अधिकतम व्यय कराते हुए प्रगति सुनिश्चित करायें तथा परियोजना को पूर्ण कराने की तिथि संशोधित कराये।<br>सीएमआईएस पोर्टल पर जल निगम(ग्रामीण) की 895 परियोजनाएं माह मार्च, 2025 में अपलोड की गई है। पोर्टल की रिपोर्ट के अनुसार कुल 64 परियोजनाएं विलम्बित है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) को गत बैठक में निर्देश दिये गए थे कि विलक्षित परियोजनाओं को इस माह के अंत तक पूर्ण कराकर हस्तगत कराते हुए पोर्टल पर वित्तीय/भौतिक प्रगति सुनिश्चित कराये तथा निर्धारित समय सीमा के अन्दर परियोजनाओं को पूर्ण करायें, क्योंकि पोर्टल पर इन सभी परियोजनाओं की रैंकिग की जा रही है। निर्धारित अवधि में परियोजनाएं पूर्ण न होने कारण माह जून, 2025 में जनपद की रैंक डी श्रेणी में है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) को पुनः अंत तक अनिवार्य रूप से संशोधित करायें। | जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मड़वानगर पेयजल योजना की स्वीकृति लागत रु० 10.25 करोड़ तथा अमुक्त धनराशि रु० 2.64 करोड़ के सापेक्ष व्यय धनराशि रु० 2.64 करोड़ है एवं भौतिक प्रगति 61 % है। इस परियोजना की कार्य पूर्ण करने की तिथि 30.06.2025 है। कार्य पूर्ण करने की तिथि को संशोधन हेतु प्रयास किया जा रहा है। शीघ्र ही इसे संशोधित करा लिया जायेगा। योजना के समस्त घटकों के कार्य पूर्ण कराने हेतु सम्बन्धित फर्म को मौखिक एवं लिखित निर्देश दिये जा रहे है।<br>सीएमआईएस पोर्टल पर कुल 903 परियोजनाएं परिलक्षित है जिनके सापेक्ष 28 परियोजनाओं को पूर्ण करा लिया गया है। विलम्बित एवं अन्य परियोजनाओं को समयान्तर्ग पूर्ण कराने हेतु सम्बन्धित फर्मो को पत्र द्वारा एवं उनकी नियमित बैठके कराकर परियोजनाओं को पूर्ण कराने के निर्देश दिये जा रहे है। |

(योगेन्द्र प्रसाद)
अधिशासी अभियन्ता